भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1002

24 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष औषधालय और सम्पूर्ण स्वास्थ्य केंद्र

1002. श्री मुरसोली एस.:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र योजना के अंतर्गत तंजावुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत आयुष औषधालयों और सम्पूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान जिले में आयुष अवसंरचना के लिए आवंटित की गई और जारी की गई निधि कितनी है;

(ग) क्या तमिलनाडु के तंजावुर जिले में एक समर्पित सिद्ध अनुसंधान या उपचार सुविधा केन्द्र स्थापित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों के दौरान तंजावुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 24 आयुष औषधालय / आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र (आयुष), जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के नाम से पुनः नामित किया गया है, कार्यशील हैं।

(ख): राज्य सरकार द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, आयुष अवसंरचना के लिए कुल 120.00 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई है।

(ग): ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ): प्रश्न नहीं उठता है।

*****